अर्ज़ करूँ तुमसे शिव शम्भू | by Sanjeev Kumar (Hansi)

अर्ज़ करूँ मैं एक तुमसे हे शिव शंकर शम्भू
एक बार आओ मेरे अंगना ऐ मेरे शिव शम्भू
अर्ज़ करू मैं एक तुमसे.....

अरमा यही एक मन में है
रहता ये दिल इसी धुन में है
आने से तेरे बहार आये
खिल जाये फूल चमन में है
कोना कोना महका दो ऐ मेरे शिव शम्भू
अर्ज़ करू मैं एक तुमसे.....

पलकें अपनी बिछाऊँ मैं
दूध से तुझे नहलाऊं मैं
आसन तेरा बिछाऊँ मैं
चरणों में ध्यान लगाऊं मैं
तेरा भजन करू गुणगान करूँ ऐ मेरे शिव शम्भू
अर्ज़ करू मैं एक तुमसे.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%9c%e0%a4%bc-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%b6%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ad/